भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 539
दिनांक 07 फरवरी, 2024 / 18 माघ, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में निवेश

539 श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितनी संस्थाओं ने निवेश किया है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितनी धन राशि का निवेश किया गया है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) वर्ष 2019 से अब तक जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में कितने लोगों ने जमीन खरीदी है, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) और (ख): संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, 2019 से संस्थाओं की वर्ष-वार संख्या और जम्मू और कश्मीर में निवेश की धनराशि निम्नानुसार है:

वर्ष	इकाइयों की संख्या	कुल निवेश (करोड़ रुपये में)
2019-20	302	296.64
2020-21	310	412.74
2021-22	175	376.76
2022-23	629	2153.45
2023-24 (दिसम्बर 2023 तक)	174	2417.19

राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 539, दिनांक 07.02.2024

संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख प्रशासन द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, 2019 से लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में संस्थाओं की वर्षवार संख्या और निवेश की राशि निम्नानुसार है:

वर्ष	इकाइयों की संख्या	परियोजना लागत/पूंजी निवेश* (करोड़ रुपये में)
2018-19	338	32.27
2019-20	335	36.43
2020-21	437	52.17
2021-22	252	29.56
2022-23	260	35.85
2023-24 (दिसंबर 2023 तक)	182	24.63

*प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) के तहत

(ग): जैसा कि संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख द्वारा सूचित किया गया है, 2019 से जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में भूमि की खरीद के संबंध में विवरण निम्नानुसार हैं:

वर्ष	संघ राज्य क्षेत्र जम्मू और कश्मीर में पंजीकृत बिक्री विलेखों की संख्या	संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में पंजीकृत बिक्री विलेखों की संख्या
2019 (1 नवंबर से)	3399	-
2020	27453	71
2021	57325	128
2022	53646	127
2023	53361	151

*****